बरेली पुलिस

प्रेसनोट दिनांक 08.10.2025

थाना भमोरा जनपद बरेली।

थाना भमोरा बरेली पुलिस द्वारा छिनैती की घटना से संबंधित अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक अवैध तंमचा 315 बोर, एक जिन्दा व एक खोखा कारतूस 315 बोर तथा एक जोडी सोने के कुण्डल सहित किया गया गिरफ्तार।

घटना का संक्षिप्त विवरण/परिचयः-

दिनांक 04.10.2025 को थाना भमोरा पर वादिनी द्वारा सूचना दी गयी कि सुबह देवचरा के पास टहलते वक्त रोड किनारे कोई अज्ञात व्यक्ति वादिनी के कान के कुण्डल खींचकर भाग गया है। इस सम्बन्ध में थाना भमोरा पर मु0अ0सं0 466/25 धारा 304 बीएनएस पंजीकृत किया गया।

थाना भमोरा पुलिस द्वारा दिनांक 07/08.10.2025 की रात्रि में चैंकिग के दौरान अभियुक्त दिनेश पुत्र झुन्नीलाल निवासी ग्राम देवचरा थाना भमोरा जिला बरेली मूल निवासी ग्राम लहरावन थाना बहजोई जिला सम्भल को पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक अवैध तंमचा 315 बोर मय एक जिन्दा व एक खोखा कारतूस 315 बोर एवं एक जोडी सोने के कुण्डल के साथ गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही की जा रही है।

सूचना, पुलिस टीम एवं कार्यवाहीः-

थाना भमोरा पुलिस द्वारा प्रकरण में घटना के बाद से ही लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सीसीटीवी कैमरे व वादिनी द्वारा बताये गये हुलिया के आधार पर लगातार उक्त घटना कारित करने वाले अभियुक्त की तलाश की जा रही थी। दिनांक 07/08.10.2025 की रात्रि में चैंकिग के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि उपरोक्त अभियोग से संबंधित अभियुक्त थाना भमोरा क्षेत्रांतर्गत पढ़री ढ़ाल पर मौजूद है। प्राप्त सूचना पर थाना प्रभारी भमोरा मय थाना भमोरा बरेली की टीम जिसमें व0उ0नि0 नरेन्द्र सिंह राघव, उ0नि0 शैलेन्द्र तोमर, उ0नि0 हीरेन्द्र सिंह, मय हमराही कर्म0 गण का0 2440 सुरेन्द्र कुन्तल, का0 2894 उन्नत पंवार, का0 2120 प्रशान्त चौधरी, का0 2241 कपिल कुमार द्वारा मौके पर पहुंचकर अभियुक्त को गिरफ्तार करने का प्रयास किया गया तो अभियुक्त दिनेश पुत्र झुन्नीलाल निवासी ग्राम देवचरा थाना भमोरा जिला बरेली मूल निवासी ग्राम लहरावन थाना बहजोई जिला सम्भल द्वारा खुद को घिरता देख जान से मारने की नीयत से पुलिस पार्टी पर फायर किया गया। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी फायरिंग में दिनांक 07/08.10.2025 की रात्रि में अभियुक्त दिनेश पुत्र झुन्नीलाल उपरोक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान दाहिने पैर में गोली लगने से घायल अवस्था में एक अवैध तंमचा 315 बोर मय एक जिन्दा व एक खोखा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ एवं अयुक्त का विवरण –

अभियुक्त दिनेश उपरोक्त ने पूछताछ पर बताया कि वह मूल रूप से ग्राम लहरावन थाना बहजोई जिला सम्भल रहने वाला हैं। देवचरा में करीह 15-20 वर्ष से रह रहा है और राजमिस्त्री का काम करता है। राजमिस्त्री का काम सही ना मिलने पर रूपये नहीं थे तो परेशान रहने लगा और एक दिन सुबह टहलते हुए एक महिला को देखा, जिसके कानों में सोने के कुण्डल थे। चूंकि सोना इस समय बहुत कीमती है, इसलिये मन में लालच आ गया और उसने दिनांक 04.10.2025 को सुबह टहलते वक्त उक्त महिला के गले से सोने के कुण्डल खींच लिये।

घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग का विवरण –

1.मु0अ0स0 466/25 धारा 304 BNS थाना भमोरा जिला बरेली

2.मु0अ0सं0 471/25 धारा 109 बीएनएस व वृद्धि धारा 3/25/27 ए एक्ट थाना भमोरा जिला बरेली

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त व आपराधिक इतिहासः-

दिनेश पुत्र झुन्नीलाल निवासी ग्राम देवचरा थाना भमोरा बरेली मूल निवासी ग्राम लहरावन थाना बहजोई जिला सम्भल।

1.मु0अ0स0 223/2016 धारा 307/336/504/506 IPC थाना मूढापांडे जिला मुरादाबाद।
2.मु0अ0स0 19/2022 धारा 13 G ACT थाना भमोरा जिला बरेली।
3.मु0अ0स0 466/25 धारा 304 BNS थाना भमोरा जिला बरेली।
4.मु0अ0सं0 471/25 धारा 109 बीएनएस व वृद्धि धारा 3/25/27 ए एक्ट थाना भमोरा जिला बरेली।

बरामदगी –

1.एक जोडी सोने के कुण्डल
2. एक तंमचा 315 बोर
3.एक जिन्दा व एक खोखा कारतूस 315 बोर

पुलिस टीमः-

1.थाना प्रभारी सनी चौधरी थाना भमोरा जिला बरेली।
2.व0उ0नि0 नरेन्द्र सिंह राघव थाना भमोरा जिला बरेली।
3.उ0नि0 शैलेन्द्र तोमर थाना भमोरा जिला बरेली।
4.उ0नि0 हिरेन्द्र सिंह थाना भमोरा जिला बरेली।
5.का0 2440 सुरेन्द्र कुन्तल थाना भमोरा जिला बरेली।
6. का0 2894 उन्नत पंवार थाना भमोरा जिला बरेली।
7. का0 2241 कपिल कुमार थाना भमोरा जिला बरेली।
8. का0 2120 प्रशान्त चौधरी थाना भमोरा जिला बरेली।